मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 11/01/2026

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति -- 28/2026
11 जनवरी 2026
मुख्यमंत्री आवासीय परिसर, रांची
================================

★ मुख्यमंत्री ने किया 'दिशोम गुरु कॉफी टेबल बुक' का लोकार्पण।
================================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी की 82वीं जयंती के अवसर पर दैनिक जागरण द्वारा आयोजित "दिशोम गुरु कॉफी टेबल बुक" का लोकार्पण किया। यह पुस्तक दैनिक जागरण के प्रयास से प्रकाशित की गई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी को नमन करते हुए उनके संघर्ष, त्याग और बलिदान को याद किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कॉफी टेबल बुक गुरुजी के जीवन, विचारों और राजनीतिक योगदान का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इसमें उनके संघर्षशील जीवन, जनसेवा के प्रति समर्पण और समाज उत्थान के लिए किए गए कार्यों का विस्तृत वर्णन किया गया है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि राज्य की जनता इस पुस्तक के माध्यम से गुरुजी के प्रेरणादायी जीवन से जुड़ सकेगी।उन्होंने दैनिक जागरण के सभी सदस्यों को इस प्रकाशन के लिए बधाई दी और नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं।

इस अवसर पर दैनिक जागरण के महाप्रबंधक श्री परितोष झा, संपादक श्री शशि शेखर, मार्केटिंग हेड श्री धर्मेंद्र कुमार, ब्यूरो चीफ श्री प्रदीप सिंह सहित दैनिक जागरण के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

===========================

#Team PRD(CMO)